रविदास मेहरोत्रा
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवार कल्याण
मातृ एवं शिशु कल्याण

कार्यालय : एफ–1/2, सातवां तल,
बापू भवन,
उत्तर प्रदेश सचिवालय
लखनऊ
दूरभाष : 0522–2235290 (का0)
0522–2214795 (का0)

लखनऊ : दिनांक

–:प्रकाशनार्थ:–

लखनऊ, 28 जुलाई–

क्लीनिकल स्टेब्लिसमेन्ट एक्ट की होगी समीक्षा, रिव्यू कमेटी करेगी समीक्षा रविदास मेहरोत्रा, परिवार कल्याण मंत्री से वार्ता के बाद 30 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

उत्तर प्रदेश चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रस्तावित क्लीनिकल स्टैब्लिसमेन्ट एक्ट के नोटिफिकेशन को रोक कर रिव्यू कमेटी बनाने के लिये आज यू0पी0 नर्सिंग होम एसोसिएशन, इन्डियन मेडिकल एसो0, लखनऊ नर्सिंग होम एसोसिएशन, ए0पी0एम0पी0 एसो0 एवं नीमा लखनऊ के प्रमुख पदाधिकारियों एवं डाक्टरों का एक प्रतिनिधिमण्डल आज परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री रविदास मेहरोत्रा जी से उनके कार्यालय में मिला।

डाक्टरों के प्रतिनिधिमण्डल ने मा0 मंत्री को बताया कि 2010 में केन्द्र की यू0पी0ए0 सरकार एवं बाद में ब0स0पा0 सरकार में जो एक्ट बनाया था उसके नोटिफिकेशन का अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है जो अव्यवहारिक एवं जनविरोधी है। इसके लागू होने से प्रदेश के 10 हजार अस्पताल बन्द हो जायेंगे और एक लाख डाक्टर एवं 10 लाख कर्मचारी बेरोजगार हो जायेंगे और यह भी बताया कि यह एक्ट 7 स्टार अस्पतालों को फायदा पहुंचाने के लिए बनाया गया है, जिस पर डाक्टरों ने दिनांक 30.07.2016 को प्रदेशव्यापी हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्री रविदास मेहरोत्रा ने उपरोक्त डाक्टरों के प्रतिनिधिमण्डल को यह बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी से वात करने के उपरान्त क्लीनिकल स्टैब्लिसमेन्ट एक्ट के नोटिफिकेशन को लागू करने का कार्यक्रम स्थगित करा दिया गया है और क्लीनिकल स्टैब्लिसमेन्ट एक्ट के सम्बन्ध में तत्काल एक रिव्यू कमेटी भी बनाई जा रही है, जिसमें सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एवं समाजसेवकों के साथ डाक्टरों को भी सम्मिलित किया जायेगा तथा उक्त एक्ट की खामियों को दूर करने के सुझावों को भी सम्मिलित किया जायेगा। मा0 मंत्री के उपरोक्त आश्वासन के बाद डाक्टरों के प्रतिनिधिमण्डल ने दिनांक 30.07.2016 को अपना प्रस्तावित आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की है।

परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्री रविदास मेहरोत्रा से मिलने आये प्रतिनिधिमण्डल में डा0 संजय लखटकिया, डा0 देवेश मौर्या, डा0 रामा श्रीवास्तव, डा0 अनूप अग्रवाल, डा0 दीपक अग्रवाल, डा0 एन0पी0 गुलाटी एवं डा0 वैभव खन्ना शामिल थे।

रविदास मेहरोत्रा
28.07.2016
(रविदास मेहरोत्रा)
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवार कल्याण
मातृ एवं शिशु कल्याण
उत्तर प्रदेश सरकार